Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:18 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:25 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 234 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 11 मार्च 2024


बिना इजाजत वीडियो बनाने...पेज-3 पर

# आज फिर बदलेगा मौसम, पहाड़ी जिलों में बारिश के आसार



### सप्ताह के शुरुआती दिनों में बदला रहेगा मौसम

प्रदेशभर में मार्च के तीसरे सप्ताह के शुरुआती दिनों में मौसम बदला रहेगा। हालांकि, 14 मार्च के बाद मौसम शुष्क होने से अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, 11 से 13 मार्च तक पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। इस बारिश का तापमान पर कोई खास देखने को नहीं मिलेगा। इसके बाद 14 मार्च से मौसम पूरे प्रदेश भर में शुष्क रहेगा।

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है अब होने वाली बारिश का तापमान में कोई खास असर देखने को नहीं मिलेगी। जबकि मार्च अंत से गर्मी अपने तेवर दिखाना शुरू करेगी। दिन और रात के तापमान में सामान्य से अधिक बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। उत्तराखंड में सोमवार से फिर मौसम बदलेगा। पर्वतीय इलाकों में बारिश से ठंड लौट सकती है। हालांकि, मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। रविवार के तापमान की बात करें तो देहरादून का अधिकतम तापमान एक डिग्री बढ़ोतरी के साथ 27.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। उधर मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान तीन डिग्री के इजाफे के साथ 19.6 डिग्री रहा। सिर्फ पंतनगर का अधिकतम तापमान एक डिग्री कमी के साथ 27.1 डिग्री रहा।

## News कॉर्नर

### शराब समेत तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए हजार हजार रुपए की शराब सहित एक तस्कर को कर कर न्यायालय में पेश किया है भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी देवेंद्र सिंह राणा सुभाष नगर में चेकिंग कर रहे थे तभी मगुर ने सूचना दी की एक घर में शराब की तस्करी चल रही है सूचना पाकर क्योंकि प्रभारी देवेंद्र सिंह राणा ने सुभाष नगर स्थित एक घर में छापा मार दिया जहां से पुलिस को तीन पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई पुलिस ने शराब तस्कर गुरप्रीत सिंह उर्फ मोंटी पुत्र अमरीक सिंह निवासी सुभाष नगर को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया है देवेंद्र राणा ने बताया कि तस्कर काफी लंबे समय से शराब तस्करी का धंधा कर रहा था।

### हल्द्वानी हिंसा मामले में तीन और दंगाई गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस बनभूलपुरा हिंसा में शामिल उपद्रवियों की धरपकड़ में जुटी हुई है। इस बीच पुलिस ने तीन और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। अब तक दंगे में शामिल 99 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बीती आठ फरवरी को बनभूलपुरा स्थित मलिक का बगीचा में अवैध निर्माण ढहाए जाने के बाद हिंसा भड़क गई और दंगाइयों ने पुलिस, नगर निगम और मीडिया कर्मियों पर पथराव कर सैकड़ों वाहनों को आग लगा दी थी। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए प्रशासन को कर्फ्यू तक लगाना पड़ा था। जिसके बाद हिंसा में लिप्त दंगाइयों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तार शुरू कर दी गई। पुलिस ने हिंसा में शामिल एक महिला समेत तीन और दंगाइयों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दंगाइयों में नाजिम और हाजरा बेगम निवासी नईबस्ती के अलावा एक अन्य शामिल है। अब तक पुलिस कार्यवाही में 99 उपद्रवियों की गिरफ्तारी की गई है।

# पीएम ने द्वारका एक्सप्रेसवे व 112 राष्ट्रीय राजमार्ग का किया उद्घाटन



**गुरुग्राम**
**एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुरुग्राम में देश भर में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की 112 बड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुरुग्राम में देश भर में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की 112 बड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

### पीएम मोदी का किया स्वागत



दिल्ली से भाजपा के मौजूदा सांसद और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार गुरुग्राम पहुंचे और पीएम मोदी का स्वागत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुग्राम पहुंचने पर लोगों का अभिवादन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ द्वारका एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया।

## एनडीए के 10 और सपा के तीन प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

**लखनऊ**
**एजेंसी**

यूपी में 13 सीटों के लिए हो रहे विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा गठबंधन के 10 और सपा के तीन प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा गठबंधन के प्रत्याशियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल किया। विधान परिषद चुनाव में सोमवार को नामांकन का आखिरी दिन है। भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल करने पहुंचे हैं। यूपी में विधान परिषद की 13 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नामांकन दाखिल करने पहुंचे। एनडीए के सहयोगी दल सुभासपा ने प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल विच्छेलाल राजभर को उम्मीदवार बनाया है। सपा की ओर से तीन प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। सपा ने बलराम यादव, गुड्डू जमाली और किरण पाल कश्यप को उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में विधान परिषद चुनाव होना तय हो गया है। भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेंद्र सिंह, विजय बहादुर पाठक, अशोक कटारिया, रामतीरथ सिंघल, संतोष सिंह, धर्मेंद्र सिंह और मोहित बेनीवाल ने सोमवार को नामांकन दाखिल किया। अपना दल एस से आशीष पटेल, रालोद से योगेश चौधरी और सुभासपा से विच्छेलाल राजभर ने नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद थे।



## हरक सिंह रावत को कांग्रेस हाईकमान ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, उड़ीसा के चुनाव पर्यवेक्षक बनाए

**देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

कांग्रेस हाईकमान ने उड़ीसा चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों की तैनाती के आदेश जारी किए। जिसमें मीनाक्षी नटराजन, हरक सिंह रावत और परगट सिंह को पर्यवेक्षक बनाया गया।

पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत को कांग्रेस हाईकमान ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें उड़ीसा में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में समन्वय बनाने के लिए पर्यवेक्षक बनाया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से उड़ीसा चुनाव के लिए पर्यवेक्षकों की तैनाती के आदेश जारी किए। जिसमें मीनाक्षी



नटराजन, हरक सिंह रावत और परगट सिंह को पर्यवेक्षक बनाया गया। बता दें कि हरक सिंह पोखरो सफारी मामले में ईडी की जांच का सामना कर रहे हैं। पिछले माह ही ईडी ने हरक सिंह रावत के आवास छापा मारा था।

# यूपी को 3666 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

**लखनऊ**
**एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से लखनऊ सहित यूपी के लिए 3666 करोड़ रुपये की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सीएम योगी ने कहा कि इससे लखनऊ व प्रदेश की तस्वीर बदल जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास लखनऊ सहित पूरे प्रदेश की तस्वीर बदल देगा। उन्होंने कहा कि यह न सिर्फ देश के रक्षा तंत्र को मजबूत करेगा बल्कि युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध कराएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वर्चुअल माध्यम से 3,666 करोड़ की 206 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इस



मौके पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित यूपी कैबिनेट के कई मंत्री मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि रिंग रोड बनने से लखनऊ में जाम की समस्या खत्म होगी। कानपुर से आने वालों को अयोध्या जाने के लिए लखनऊ के अंदर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसी तरह पूरे प्रदेश के लोगों को फायदा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे चौड़ी सड़क भाजपा सरकार ने बनाई। उन्होंने कहा कि लखनऊ में विकास कार्य की झड़ी लगी है। रक्षामंत्री ने पहले शहीद पथ बनवाया और अब रिंग रोड बनवा दिया है।

### फायदा

- सीएम योगी बोले- लखनऊ सहित पूरे प्रदेश की बदलेगी तस्वीर
- परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास लखनऊ सहित पूरे प्रदेश की तस्वीर बदल देगा

# प्रदर्शनः चीन से तिब्बत को आजाद कराने की मांग

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

तिब्बती समुदाय के लोगों ने रविवार को नैनीताल में चीन से तिब्बत को आजाद किए जाने की मांग को लेकर सडकों में उतरकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने चीन सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान दिनभर तिब्बती समुदाय के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रहे।

बता दें कि 10 मार्च 1959 से पूर्व तिब्बत अलग देश हुआ करता था लेकिन उसके बाद से चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर लिया। चीन से तिब्बत की आजाद करने की मांग को लेकर तिब्बती समुदाय को 65 वर्ष पूरे हो चुके हैं लेकिन आज तक तिब्बत आजाद नहीं हुआ है। इसी मांग को लेकर तिब्बती समुदाय के सभी लोग तिब्बती यूथ कांग्रेस के बैनर तले रविवार की सुबह 10 बजे मल्लीताल स्थित तिब्बती बाजार में एकत्र हुए। उसके बाद वहां पर उन्होंने संक्षिप्त सभा का आयोजन किया जिसमें



उन्होंने इस बात को लेकर चिंता जताई कि बीते 65 वर्षों से लगातार तिब्बत चीन के कब्जे में होने की वजह से काफी परेशानियां हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि तिब्बत में जो मानवाधिकार का हनन हो रहा है उसे बंद किया जाए,जेल में जो तिब्बती समुदाय के लोग बंद हैं उन्हें तुरंत रिहा किया जाए,पंचन लेमा को रिहा किया जाए व तिब्बत के खंप में जो बांध बना रहा है उसका निर्माण रोका जाए तथा तिब्बत से जो 13 नदियां आ रही है,उनसे जो बांध बनाने से पर्यावरण को जो नुकसान हो रहा है,उससे रोका जाए। कहा कि यूनाईटेड नेशन व भारत सरकार को इनमें पहल करनी चाहिए।

उसके बाद तिब्बती समुदाय के लोगों ने तिब्बती मार्केट से होते हुए बड़ा बाजार, माल रोड से होते हुए तल्लीताल गांधी चौक तक जुलूस निकाला,तथा गांधी चौक में भी जमकर नारेबाजी की फिर लोअर माल से होते हुए तिब्बती लोग फिर से तिब्बती बाजार में एकत्र हुए वहां पर अभी तक तिब्बत की आजादी में शहीद हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा, उसके बाद तिब्बती व भारतीय राष्ट्रीय गान गया गया उसके बाद अप्राईजिंग सौग गया गया।

प्रदर्शन में तिब्बती यूथ कांग्रेस के उपाध्यक्षटासी तोपगिल, तेनजिंग सांगमो व नीमा सोगमा समेत तिब्बती फ्रीडम मूवेंट के अध्यक्ष सिरिंग तोपगिल समेत सैकड़ों तिब्बती समुदाय के लोगों ने भाग लिया।

**मांग**

- व्यापारिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रहे
- तिब्बती मार्केट से होते हुए बड़ा बाजार, माल रोड से होते हुए तल्लीताल गांधी चौक तक निकाला जुलूस

## गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने को सांकेतिक धरना प्रदर्शन

**नैनीताल** । भारतीय गौ क्रांति मंच तल्लीताल के तत्वाधान में रविवार को गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने के लिए गौ प्रेमियों ने तल्लीताल स्थित गांधी चौक में सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। बता दें कि यह धरना प्रदर्शन श्री शंकराचार्य परंपरा व पूज्य संत गोपाल मणि महाराज के सानिध्य में किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रभर में गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आग्रह किया गया है। संस्था की सदस्य भावना रावत ने कहा कि गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने की मांग कर रहे हैं और गौ माता को अनुदान नहीं सम्मान की जरूरत है।

कार्यक्रम के आयोजन में नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद पवन बिष्ट समेत रश्मि शर्मा, गीता बवाड़ी, इंद्रा बिष्ट, बसंती पुजारी, कमला रावत, रजनी चौधरी, हीरा नयाल, पार्वती धामी, शीला, किरन बिष्ट, पूजा बिष्ट, विजय भट्ट तथा प्रीति बिष्ट समेत बड़ी संख्या में मातृ शक्ति और स्थानीय लोग मौजूद रहे।



## युगमंच संस्था के संस्थापक सदस्य जहूर आलम को विशेष सम्मान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट द्वारा रविवार को ट्रस्ट के सभागार में नैनीताल के वरिष्ठ रंगकर्मी व युगमंच संस्था के संस्थापक सदस्य जहूर आलम का विशेष सम्मान किया गया।

बता दें कि 6 मार्च (बुधवार) को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। युगमंच संस्था जिसके जहूर आलम अध्यक्ष हैं पिछले 25 वर्षों से श्री मां नैना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के साथ मिलकर प्रतिवर्ष होली महोत्सव का आयोजन करती है ।

इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह,उपाध्यक्ष घनश्याम लाल साह, महा सचिव हेमंत शाह तथा उप सचिव प्रदीप शाह, प्रधान आचार्य बसंत बल्लभ पांडे, चंद्र शेखर तिवारी,भुवन कांडपाल, नवीन चन्द्र तिवारी, गणेश बहुगुणा, सुरेश मेलकानी, बसंत जोशी,मुन्नी बेगम, नवीन बेगाना, दया कृष्ण शर्मा, डॉ. विजय कृष्ण, भास्कर बिष्ट, मनोज कुमार तथा मंजू रौतेला इत्यादि उपस्थित थे।

## वूमेंस एक्सीलेंट प्रोग्राम थीम पर किए कार्यक्रम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैंसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ज्योलीकोट में वूमेंस एक्सीलेंट प्रोग्राम थीम के अंतर्गत कॉलेज की छात्राओं द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संस्थान के प्रबंधक आई.पी. सिंह और संस्थान के निदेशक संजय कुमार सिंह तथा उप प्रधानाचार्य कुमार गौरव पांडे तथा नर्सिंग कॉलेज की समस्त अध्यापिकाओं व छात्रों की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला सशक्तिकरण, महिलाओं पर अत्याचार व महिलाओं के विकास आदि बिंदुओं पर विशेष प्रस्तुति संस्थान की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई। विद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए संस्था की छात्रों को यह विश्वास दिलाया कि संस्था छात्रों की प्रगति हेतु सभी संभव प्रयास करेगी जिसके अंतर्गत शैक्षिक को करिकुलर व खेलकूद जैसे कि वॉलीबॉल, हॉकी, बास्केटबॉल तथा फुटबॉल आदि खेलों का इंटर व इंट्रा कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन होगा। अंत में छात्राओं द्वारा भ्रूण हत्या पर नाटक प्रस्तुत किये गये। बता दें कार्यक्रम का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर किया गया।



## NEWS / फटाफट

### पर्यटकों ने उठाया सुहावने मौसम लुत्फ



**नैनीताल।** रविवार को सुबह से लेकर शाम को तीन बजे तक मौसम सामान्य बना रहा,उसके बाद बादल छाने से ठंड में इजाफा हो गया। सुहावने मौसम के दौरान नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे पर्यटकों ने खूब मौज मस्ती की। पर्यटकों ने केव गार्डन,चिडियाघर, हिमालयन बाटनिकल गार्डन, चिड़ियाघर, वुडलैंड वाटर फाल तथा हनुमानगढ़ी,स्नोव्यू, किलबरी,पंगूट, सरिताताल समेत अन्य दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। इसके साथ ही उन्होंने नैनी झील में नौका विहार का आनंद लिया। दिनभर में केव गार्डन में 792, चिड़ियाघर में 1121, हिमालयन बाटनिकल गार्डन में 179 तथा वुडलैंड वाटर फाल में 680 पर्यटकों ने भ्रमण किया। बीते तीन दिनों से नगर में पर्यटकों की भीड़-भाड़ बढ़ने की वजह से पर्यटन व्यवसाय से जुड़े कारोबारी लोगों को भी काफी राहत मिली।

### रास्ते को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**हल्द्वानी।** रास्ते को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज, मारपीट शाहिद जान से करने का मामला प्रकाश में आया है पीड़ित ने मुखानी थाना पुलिस को तहरीर सौंप कर गाली-गलौज करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को सौंपी तहरीर में सुरेश चंद्र तिवारी पुत्र परमानंद तिवारी निवासी नंदपुर कट घड़ियां ने कहा है कि जगत सिंह की भूमि उसके पुत्रों द्वारा विक्रय की गई थी जिसमे बीस फिट का रास्ता दिया गया था लेकिन रास्ता देने को मना कर रहे हैं इसी बात को लेकर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं 20 दिसंबर 23 की रात्रि 10ः00 बजे गणेश सिंह बिष्ट पुत्र भीम सिंह बिष्ट, श्याम सिंह बिष्ट पुत्र जगत सिंह बिष्ट निवासी नंदपुर मुखानी ने मेरे वह मेरे परिवार के साथ गाली गलौज हुआ जान से मारने की धमकी दी थी वहीं दूसरे दिन गांव के ही ग्राम प्रधान व कुछ लोगों ने दोनों पक्षों के बीच राजीनामा कर दिया था सोफी तहरीर में पीड़ित ने यह भी कहा है कि जब मैं बीते दिवस उक्त रास्ते को बना रहा था तब फिर इन लोगों ने आकर मेरे साथ मारपीट गाली-गलौज सहित जान से मारने की धमकी दी जिससे प्रार्थी काफी डरा हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## महिलाओं को महिला दिवस का इतिहास बताया




**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

विमर्श संस्था ने रविवार को नगर के गोवर्धन हाल में महिलाओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन भावना कुंवर ने किया।

बैठक में गायत्री दरम्मवाल ने महिलाओं को महिला दिवस का इतिहास बताया गया। साथ ही उन्होंने बताया 7 से 12 मार्च तक संस्था की ओर से महिला दिवस के अवसर पर अभियान चलाया जा रहा है जिसमें महिलाओं की स्वयं की देखभाल व मानसिक खुशहाली,महिलाओं के काम के महत्व व उनकी राजनीतिक भागीदारी तथा योन व प्रजनन स्वास्थ्य के विषय पर बात की जायेगी साथ ही महिलाओं के साथ स्वयं की देखभाल व माइनड पिस एक्टिविटी करायी गयी। बैठक में ग्राम प्रधान खमारी मंजू बुधाकोटी,ग्राम प्रधान खलाड नीरू बधानी, भगवती बिष्ट, नीमा जोशी, हंसी अधिकारी, रोशनी, राधा बोहरा ने विचार रखे गये। कार्यक्रम में विमर्श से जुड़ी कोटाबाग, बेतालघाट तथा खुर्पाताल न्याय पंचायत की महिलाओं ने भाग लिया।

## गलत दिशा से वाहन चलाने पर रोका तो पुलिस से भिड़े युवक, चालानी कार्रवाई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मल्लीताल मस्जिद तिराहे पर रविवार को गलत दिशा से वाहन चलाकर आ रहे युवकों को पुलिस कर्मी ने रोका तो वह पुलिस से ही भिड़ गए। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी ने युवकों को कोतवाली आने को कहा तो वह अपनी ऊंची पहुंच की अकड़ दिखाने लगे। एक युवक तो फ ोन पर बात कर पुलिस को धमकाता नजर आया,पर पुलिस ने युवकों को कोतवाली के भीतर बिठाया तो अकड़ ढीली पड़ गई। पुलिस ने चालक के विरुद्ध चालानी कार्रवाई छोड़ दिया।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार दोपहर मस्जिद तिराहे पर एक पुलिस कर्मी व एक होमगार्ड ड्यूटी पर तैनात थे, इस दौरान मेट्रोपोल मार्ग से एक कार गलत दिशा में आती दिखाई दी। पुलिस ने जब चालक को वनवे होने की जानकारी देते हुए वाहन घुमा लेने को कहा तो वाहन से उतर कुछ युवक पुलिस कर्मी से भिडने लगे। विवाद बढ़ा तो पुलिस कर्मी युवकों को कोतवाली ले आया। युवक फोन पर बात करते हुए ऊंची पहुंच होने की धमकी देता रहा। मामला कोतवाली पहुंचने पर एसएसआई पी.एस. मेहरा ने युवकों को फ टकार लगाई। वाहन के कागज मांगने पर चालक के पास न तो लाइसेंस मिला और न ही वाहन के अन्य दस्तावेज, जिसके बाद युवकों की अकड़ ढीली पड़ गई। एसएसआई मेहरा ने बताया कि रानीबाग निवासी कुंदन पुरी के विरुद्ध एमवी एक्ट में चालानी कार्रवाई कर छोड़ दिया गया।

# अभिमत

## राजनीति और अरबपति

*कुछ साल पहले तक योग्य, अनुभवी और उज्ज्वल छवि के नेताओं को राज्यसभा के लिए चयनित किया जाता था। किसी भी पार्टी के जो नेता लोकसभा का चुनाव लड़ने से वंचित रह जाते थे, लेकिन अनुभवी होते थे, उन्हें उच्च सदन में भेजा जाता था। साहित्यकार, कलाकार और किसी अन्य क्षेत्र के नामचीन लोगों को सम्मान देने के लिए राज्यसभा का सदस्य बनाया जाता है। पिछले कुछ साल से राज्यसभा सदस्य बनने के लिए एक तरह से सौदेबाजी होने लगी है। हाल ही में राज्यसभा की 56 सीटों पर विभिन्न पार्टियों ने अपने जिन नेताओं को सांसद बनने का मौका दिया, उनमें 21 प्रतिशत अरबपति हैं। राज्यसभा सदस्यों द्वारा प्रस्तुत स्व-शपथपत्र का विश्लेषण करने पर ज्ञात हुआ कि कई माननीयों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।*

राजनीति को समाजसेवा का जरिया मानने वाला जमाना बहुत पीछे छूट चुका है। अब राजनीति में भविष्य तलाशने के लिए अमीर होना जरूरी है। राजनीति में शैक्षिक योग्यता का कोई महत्व नहीं है। विधानसभा और लोकसभा में उम्मीदवारों की योग्यता और उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज होने पर सवाल उठते रहे हैं, अब तो उच्च सदन यानि राज्यसभा सदस्यों की छवि पर भी प्रश्न उठ रहा है। कुछ साल पहले तक योग्य, अनुभवी और उज्ज्वल छवि के नेताओं को राज्यसभा के लिए चयनित किया जाता था। किसी भी पार्टी के जो नेता लोकसभा का चुनाव लड़ने से वंचित रह जाते थे, लेकिन अनुभवी होते थे, उन्हें उच्च सदन में भेजा जाता था। साहित्यकार, कलाकार और किसी अन्य क्षेत्र के नामचीन लोगों को सम्मान देने के लिए राज्यसभा का सदस्य बनाया जाता है। पिछले कुछ साल से राज्यसभा सदस्य बनने के लिए एक तरह से सौदेबाजी होने लगी है। हाल ही में राज्यसभा की 56 सीटों पर विभिन्न पार्टियों ने अपने जिन नेताओं को सांसद बनने का मौका दिया, उनमें 21 प्रतिशत अरबपति हैं। राज्यसभा सदस्यों द्वारा प्रस्तुत स्व-शपथपत्र का विश्लेषण करने पर ज्ञात हुआ कि कई माननीयों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। लोकसभा और विधानसभा में सदन की मर्यादा अनेक बार तार-तार हो चुकी है। अभद्र टिप्पणी से लेकर मारपीट और तोड़फोड़ हो चुकी है। जनप्रतिनिधियों के आचरण से मतदाता शर्मसार होते हैं। विदेश में भी भारत के जनप्रतिनिधियों पर सवालिया निशान लगे हैं। अयोग्य और आपराधिक प्रवृत्ति के जनप्रतिनिधि को चुनने वाले मतदाताओं पर लोग आश्चर्य करते हैं। मतदाता की मजबूरी यह है कि उसे अनेक खराब में से किसी एक कम खराब को चुनना पड़ता है। बाहुबली और अमीर लोग लोकसभा और विधानसभा का टिकट एक तरह से खरीद कर चुनाव मैदान में उतर जाते हैं और जीतकर माननीय बन जाते हैं। टिकट बेचने की बात छिपी नहीं रह गई है। उम्मीदवार खुद बताते हैं कि पार्टी हाईकमान के किस नेता को रुपये देकर उसे टिकट मिला है। अब राज्यसभा में उद्यमियों और दबंगों को प्राथमिकता मिल रही है। अन्ना हजारे के आमरण अनशन में केजरीवाल के साथ जुड़े ख्यातिलब्ध कवि और एक वरिष्ठ पत्रकार एवं टीवी चैनल के एंकर लोकसभा का चुनाव हार गये थे। इसके बाद उन्हें उम्मीद थी कि केजरीवाल राज्यसभा में भेजेंगे, लेकिन केजरीवाल ने उद्यमी को राज्यसभा में भेजा। कवि और पत्रकार ने खुलेआम केजरीवाल की आलोचना की और निराश होकर सक्रिय राजनीति से किनारा कर गये। सभी पार्टियों में अब अमीरों का बोलबाला है। समाज सेवा, योग्यता, अनुभव की राजनीति में अहमियत नहीं रह गई है।

# सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट का भव्य स्वागत

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता





नैनीताल लोकसभा से पुनः सांसद प्रत्याशी बनने के बाद पहली बार हल्द्वानी पहुंचे केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट का भव्य स्वागत हुआ। भाजयुमो द्वारा भव्य बाइक रैली के साथ ही भट्ट के स्वागत में रोड शो निकाला गयी जिसमें विभिन्न स्थानों पर पार्टी का कार्यकर्ताओं और लोगों ने फूलमालाओं और पुष्प वर्षा से स्वागत किया ।

नैनीताल लोकसभा से सांसद प्रत्याशी बनाए जाने के बाद संसदीय क्षेत्र में पहुंचे केंद्रीय मंत्री भट्ट का जगह-जगह स्वागत कार्यक्रम हुआ रविवार के सुबह 10:00 बजे दाबका पुल के पास पहुंचे भट्ट के काफिले का कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया, इसके पश्चात बैल पड़ाव, कालाढूंगी, आमपाली कॉलेज के पास गुरुद्वारे में और लामाचौड चौराहे सहित विंटेज टेरिस रेस्टोरेंट लालचौड़ के पास पार्टी पदाधिकारी ने भव्य स्वागत किया। 1:30 बजे श्री भट्ट हल्द्वानी ब्लॉक लक्ष्मी गार्डन बैंकट हॉल के पास पहुंचे जहां पर उनका ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। इसके पश्चात हल्द्वानी शहर में कुसुमखेड़ा और मुखानी से भट्ट का रोड शो के साथ भव्य स्वागत हुआ. युवा मोर्चा द्वारा निकाली गई बाइक रैली के साथ भट्ट का रोड शो शहीद चंद्रशेखर मिश्रा पार्क नैनीताल रोड जजी तक पहुंचा।

जहां पर अजय भट्ट ने कार्यकर्ताओं वह देवतुल्य जनता का आभार जताया और कहा कि विगत 5 वर्षों में उनके द्वारा जनता के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों को सदन के माध्यम से उठाकर भी समाधान किया गया हैं। इसके साथ ही कई योजनाओं को धरातल में उतारने का काम हुआ। आगे भी जनता के प्रेम व स्नेह से इसी तरह दिन-रात जन सेवा में जुटे रहेंगे। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर पार्टी पदाधिकारी व स्थानीय जनता द्वारा किए गए स्वागत पर आभार जताते हुए कहा कि वह निरंतर क्षेत्र की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। हर कार्यकर्ता के कामों को सहज और जनता के कामों के प्रति समर्पित भाव से लगातार पूर्ण करने के प्रयास करूंगा।

**रैली**

● स्वागत में युवा मोर्चा द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक बंशीधर भगत, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, कुमाऊं सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, निवर्तमान मेयर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, अल्पसंख्यक आयोग के मजहर नईम नवाब, पूर्व प्रदेश मंडी अध्यक्ष गजराज सिंह बिष्ट, एस सी प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्या, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, जिला महामंत्री नवीन भट्ट व रंजन बर्गली. प्रताप सिंह तापी, प्रताप बौरा, लाखन निगल्टिया, भुवन भट्ट, प्रतिभा जोशी, हरिमोहन अरोड़ा, विनीत अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## आंतरिक सडक़ मार्गों की स्थिति सुधारने को सीएम को भेजा ज्ञापन

**नैनीताल।** नगर के आंतरिक मार्गों की बदहाल स्थिति को दुरुस्त किए जाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय निवासी व युवा अधिवक्ता नितिन कार्की और पूर्व पालिका सभासद मनोज जोशी ने सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर शहर के आंतरिक सडक़ मार्गों की स्थिति को सुधारने की मांग की है।

ज्ञापन में नितिन कार्की का कहना है कि पूर्व में शहर के आंतरिक मार्गों का रख रखाव लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता था। मगर बीते वर्ष सडक़ के रखरखाव का जिम्मा नगर पालिका को दे दिया गया लेकिन अब तक नगर पालिका को सडक़ों की स्थिति दुरुस्त किए जाने के लिए बजट अवमुक्त नहीं किया गया है।

जिससे शहर के आंतरिक मार्गों की स्थिति बेहद खराब हो रही है लिहाजा जल्द से जल्द नगर पालिका को बजट अवमुक्त किया जाए ताकि शहर के आंतरिक मार्गों की स्थिति को सुधारा जा सके।

# रचिता स्वयं सहायता समूह लामाचौड़ के स्टॉल को पहला स्थान

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



नाबार्ड के सहयोग से गिरिजा बुटिक एवं महिला विकास संस्था की ओर से आयोजित उत्सव मेले का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर रामलीला मैदान ऊंचापुल में सात से 10 मार्च तक होली-शिवरात्रि मेले का आयोजन किया गया था। चार दिन तक चले मेले में विभिन्न क्षेत्रों से आईं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने ुद के तैयार उत्पादों की बिक्री की। उन्होंने हस्तशिल्प वस्तुओं के साथ ही रंगोली पिछोड़ा, ऐपण, प्राकृतिक अबीर गुलाल व आचार, बड़ी आदि के स्टॉल लगाये थे। लीड बैंक प्रबंधक केआर आर्य ने वि ान्न स्टॉलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रचिता स्वयं सहायता समूह लामाचौड़, द्वितीय स्थान पर रहे मां वैष्णो स्वयं सहायता समूह आदर्शनगर व तृतीय स्थान पर रहे प्रगति स्वयं सहायता समूह तल्ली बमौरी को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। मेले के समापन के मौके पर बच्चों ने लोक गीतों के साथ नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं महिलाओं ने होली गीतों के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी। इस क्रम में नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक कृष्णा सिंह, जिला विकास प्रबंधक मुकेश बेलवाल, लीड बैंक प्रबंधक आर्य व गिरिजा बुटिक संस्था की अध्यक्ष गीता सत्यबली ने मेले में प्रति ाग करने वाले समूहों को प्रमाणपत्र व मेडल प्रदान किये। इस अवसर पर उत्तराखंड ग्रामीण बैंक के वित्तीय जागरूकता सलाहकार बीडी नैनवाल, डीआईसी के पूर्व महाप्रबंधक योगेश पांडे, निवर्तमान पार्षद प्रमोद पंत, संस्था की समन्वयक सोनाली आदि मौजूद थे।

## विधानसभा क्षेत्रों में बनाये जाएंगे ऑइकन

**हल्द्वानी।** मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप नैनीताल की टीम विकासखंड स्तर पर विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रही है। मु य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने बताया कि जिले की स ाी विधानस ााओं में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों के साथ ही चिर-परिचित हस्तियों को ऑइकन बनाया जा रहा है। विधानसभा ऑइकन बनाने का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग के नागरिकों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करना है। स्वीप जिला समन्वयक सुरेश अधिकारी के अनुसार ऑइकन नामित करने का कार्य एसडीएम के नेतृत्व में गठित की गई कोर कमेटी के माध्यम से किया जाएगा। विधानसभा ऑइकन के वीडियो संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही उन्हें क्षेत्र के विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भी शामिल किया जाएगा।

# फिल्मी दुनिया

## बिना इजाजत वीडियो बनाने वाले फैन पर फूटा सलमान खान का गुस्सा



*सलमान खान उस समय अपना आपा खो बैठे जब एक फैन ने उनका वीडियो बनाने की कोशिश की। वीडियो में सलमान अपनी सुरक्षा टीम के साथ चलते नजर आ रहे हैं, तभी एयरपोर्ट पर एक फैन ने अपना मोबाइल फोन निकालकर उनकी रिकॉर्डिंग करने की कोशिश की। सलमान ने उसकी तरफ उंगली उठाकर तुरंत फोन बंद करने को कहा।*

*वीडियो में सलमान खान एक फैन द्वारा उनकी अनुमति के बिना उनका वीडियो बनाने की कोशिश पर गुस्से में प्रतिक्रिया व्यक्त करते नजर आए। जब उनकी सुरक्षा टीम के एक सदस्य ने शख्स से ऐसा न करने के लिए कहा, तो सलमान इशारे में बोले, अपना फोन बंद रखो। फैन ने अपना फोन रख दिया और तुरंत माफी मांगी। सलमान खान बॉलीवुड के उन सितारों में से एक थे, जो अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग पार्टी के कुछ दिनों बाद फिर से जामनगर गए थे। यह उत्सव तीन दिनों तक चला और इसमें रिहाना, एकॉन, दिलजीत दोसांझ, लकी अली और अन्य लोगों ने प्रस्तुति दी।*

### छम्मक छल्लो पर डांस

*एकॉन के प्रदर्शन के एक इनसाइड वीडियो में, सलमान को हिट ट्रैक छम्मक छल्लो पर डांस करते देखा गया। परफॉर्मेंस के दौरान अनंत अंबानी ने सलमान खान को स्टेज पर उठाने की भी कोशिश की। जब वह ऐसा करने में असमर्थ रहे तो अनंत ने सलमान के बॉडीगार्ड शेरा को बुलाया, जो स्टेज के पास खड़े नजर आए। इसके बाद शेरा मंच पर आए और उन्होंने सलमान को उठाया और सभी ने जोरदार तालियां बजाईं।*

# रोहिणी इलेवन, एजुकेशन टीम व स्पाईकर ने जीते क्रिकेट लीग मुकाबले

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के डीएसए मैदान में स्वर्गीय एन. के. आर्या मैमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित एवं केनरा बैंक द्वारा प्रायोजित स्व. एन. के. आर्या मेमोरियल क्रिकेट कप 2024 में रविवार को प्रतियोगिता के तहत तीन लीग मुकाबले खेले गए।

पहला मुकाबला नो नेम एवं रोहिणी इलेवन के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नो नेम ने 98 रनों का लक्ष्य रखा जवाब में रोहिणी इलेवन ने चार विकेट खोकर जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला नैंसी स्ट्राइकर एवं एजूकेशन के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए नैंसी स्ट्राइकर ने 119 रनों का लक्ष्य रखा जवाब में एजुकेशन की टीम ने 5 विकेट होकर लक्ष्य हासिल किया।

तीसरा मुकाबला स्पाईकर एवं आरबीएस के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरबीएस ने 114 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में स्पाईकर ने 2 विकेट शेष रहते मैच में जीत दर्ज की। निर्णायक सौरभ रावत, शनि शाह, तरुण नेगी, अनुज साह व सतेंद्र नेगी व बृजेश बिष्ट रहे। संचालन अभिषेक आर्या ने किया जबकि स्कोरर मोहित बिष्ट रहे। इस दौरान आयोजक हरीश सिंह राणा, मोहित लाल शाह व कैलाश आर्या उपस्थित रहे।



News कॉर्नर

## सट्टे की खाई बाड़ी करते एक दबोचा

**हल्द्वानी।** पुलिस ने सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए एक एक खाई बाड़ को गिरफ्तार किया है जिसके पास से हजार रुपए की नगदी सहित सट्टे में प्रयुक्त पर्ची बरामद हुई है मंगल भाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी को मुखबिर ने सूचना दी की ओके होटल के समीप एक व्यक्ति सट्टा ले रहा है सूचना पाकर जो की प्रभारी अपने दलबल के साथ मौका पर पहुंचे जहां सट्टा लेने वाला खाई बाड़ पुलिस को देखकर भागने लगा भागते हुए व्यक्ति को पुलिस ने धार दो पहुंचा और उसकी तलाशी ली जिसके पास से 3430 की नगदी सहित सट्टे में प्रयुक्त पर्ची बरामद हुई

## अल्मोड़ा को मिली मानसखंड विज्ञान केंद्र की सौगात

**अल्मोड़ा।** जिले के लोगों को मानसखंड विज्ञान केंद्र की सौगात मिली है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इस केंद्र का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस दौरान सीएम ने 89 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। रविवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने स्यालीधार में बने मानसखंड विज्ञान केंद्र के साथ ही 80 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और 8.9969 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में मौजूद विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि मानस खंड विज्ञान केंद्र के माध्यम से विज्ञान में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति नई चेतना विकसित होगी। वहां पर डीएम विनीत तोमर, विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्मीकांत, जीबी पंत हिमालय पर्यावरण संस्थान के निदेशक डॉ. सुनील नौटियाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, डॉ. आर महरोत्रा, विज्ञान केंद्र के डॉ. नवीन जोशी आदि थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रिलीज़ हुई महिलाओं को समर्पित वूमेंन ऑफ़ मुनस्यारी

**मुनस्यारी/नैनीताल**

हमारे संवाददाता





अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रसिद्ध फिल्मकार भारतबाला की फिल्म वीमेन ऑफ़ मुनस्यारी रिलीज़ हुई। यह फिल्म मुनस्यारी की महिलाओं की अदम्य आत्मशक्ति और जंगल की दिव्य चेतना के मध्य एक अलौकिक सम्बन्ध की मनोरम कथा है। वूमेंन ऑफ़ मुनस्यारी नारीत्व और प्रकृति की अद्भुत सुंदरता की एकता को अनावृत्त करती एक हृदयस्पर्शी कहानी है। यह फिल्म उत्तराखंड सीरीज की फिल्मों की श्रृंखला में नवीनतम पेशकश है, जो वर्चुअल भारत और रूरल इंडिया सपोर्टिंग ट्रस्ट (आरआईएसटी) के बीच सहयोग से निर्मित है। फिल्म में अभिनय करने वाले मुख्य कलाकार कमला पांडे, बीना नितवाल, हीरा टोलिया, बसंती रावत, बीना वर्मा, और मलिका विर्दी हैं । फिल्म की निर्देशक रचिता गोरोवाला और क्रिएटर भारतबाला हैं।

मुनस्यारी की महिलाओं के लिए मुनस्यारी के मनमोहक जंगल उनका मायका है। ये महिलाएं इन अलौकिक वनों की संरक्षकों के रूप में यहां विचरण करती हैं। जंगलों की ये प्रहरी महिलाएं मानो यहां के शापित जल और रूढ़िवादिता की जंजीरों से प्रेरणा और जीवन-शक्ति प्राप्त करती हैं, ऐसा प्रतीत होता है जैसे मुनस्यारी के जंगलों की दिव्य चेतना द्वारा आशीर्वादित हो ये प्रहरी महिलाएं इस विस्तृत वन्यप्रदेश की रक्षा और संरक्षण हेतु स्वयं शक्तिरूप हो जाती हैं। और ये वन अपने आँचल में इन महिलाओं को मातृत्वपूर्ण प्रेम से आच्छादित करते हुए उनके रक्षक, विश्वास पात्र और उनके हर सुख और दु:ख के अमर साक्षी रहते हैं। मुनस्यारी की महिलाएँ इन पहाड़ों में 100 साल से अधिक समय से प्रचलित वनपंचायत (ग्राम वन परिषदों की एक अद्वितीय प्रणाली) की रक्षा करती हैं, और श्रमदान के माध्यम से जल स्त्रोतों और घास के मैदानों का रख-रखाव करती हैं। उन्हें भली प्रकार ज्ञात है कि जंगल की समृद्धि उनके अपने अस्तित्व से अलंघनीय रूप से जुड़ी हुई है।

नारीत्व और शक्ति की गाथा भारतबाला की यह प्रस्तुति मुनस्यारी की महिलाओं से प्रेरित उनकी महिमा का गौरवपूर्ण उद्घोष है। यह फिल्म उत्तराखंड सीरीज की वीमेन ऑफ़ अल्मोड़ा और नोमैड्स लैंड वन गुज्जर्स की प्रशंसित कहानियों की विरासत को आगे बढ़ाती है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के जीवट की गाथा आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रिलीज हुई वूमेंन ऑफ़ मुनस्यारीमहिलाओं की असीम अंतरात्मा और जीवट को नमन है। फिल्म महिलाओं और प्रकृति के बीच के अद्वितीय, अकाट्य बंधन को समर्पित एक भावपूर्ण कलाकृति है।

# पेयजल संकट से गुस्साए इंदिरानगर के लोगों का खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन



**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

गर्मी का मौसम अभी शुरू भी नहीं हुआ है कि शहर में पेयजल संकट गहराने लगा है। इंदिरानगर के लोगों ने जल संस्थान के खिलाफ नारेबाजी कर खाली बर्तनों के साथ प्रदर्शन किया।

पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में तमाम लोग इंदिरानगर मुख्य सड़क पर उतर आये। उनका कहना था कि इंदिरानगर दुर्गा मंदिर के पास वाले क्षेत्र में लंबे समय से पेयजलापूर्ति ठप पड़ी है। इस संबंध से जल संस्थान के अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जल संस्थान का कोई अधिकारी या कर्मचारी तक उनके क्षेत्र में समस्या को देखने आया। लोग दूरदराज से पानी लाने को विवश हैं। पूर्व सभासद सलमानी ने कहा कि जल संस्थान के अधिकारियों से इसकी शिकायत की गई है, पिछले दिनों तहसील दिवस में भी यह मामला उठाया गया, इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया। सलमानी ने चेताया कि यदि जल्द समस्या का समाधान न किया गया तो लोग जल संस्थान कार्यालय का घेराव करेंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में करीब 100 परिवार प्रभावित हैं। प्रदर्शन करने वालों में छोटी, विमला देवी, नसीम बानो, आशिया, कमर जहां, मुनीफा, यासमीन, शाहिद आदि शामिल थे।

# हल्द्वानी के भावेश का नेशनल साइकिलिंग चैंपियनशिप को चयन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



नेशनल साइकिलिंग चैंपियनशिप के लिए शहर निवासी 13 वर्षीय भावेश मेहरा का चयन हुआ है। माउंटेन साइकिलिंग चैंपियनशिप 28 से 31 मार्च तक पंचकूला हरियाण में आयोजित की जाएगी। भावेश का चयन अमृतपुर में हुए ट्रायल में हुआ।

भावेश व्हाइटहॉल स्कूल में पढ़ते हैं। भावेश साइकिलिंग का प्रशिक्षण कोच मनीष वर्मा से ले रहे हैं। भावेश का सपना, एक अच्छा साइक्लिस्ट बनकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक हासिल कर राज्य व देश का नाम रोशन करना है। भावेश के पिता इंद्र सिंह मेहरा व्यवसायी हैं और माता गृहणी हैं। भावेश को साइकिलिंग की प्रेरणा अपने पिता से मिली है। भावेश पूर्व में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुका है। भावेश प्रतिदिन 80 किमी से 150 किमी तक का अभ्यास करते हैं। भावेश साइकिल से ही हल्द्वानी से रामनगर, खटीमा, नैनीताल, भीमताल का सफर तय करते हैं।

# रमजान का महीना कल से शुरू, आज भारत में चांद देखे जाने की संभावना



**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

रमजान का पवित्र महीना शुरू होने वाला है। आज भारत में चांद देखे जाने की संभावना है। सऊदी अरब में रमजान का चांद देखा जा चुका है। अरब में आज यानि 11 मार्च को पहला रोजा है।

वहीं भारत में आज चांद देखे जाने के बाद कल, 12 मार्च को पहला रोजा रखा जाएगा। महीना पूरा होने के बाद ईद का त्योहार मनाया जाएगा। इस महीने में रोजदार रोजा रखने के साथ ही कुरान की तिलावट और अल्लाह की इबादत करते हैं। रोजे की शुरुआत सुबह सहरी खाकर की जाती है। वहीं शाम को इफ्तार के साथ रोजा खोला जाएगा। इस्लामिक कैलेंडर के नौवें महीने को रमजान-उल-मुबारक कहा जाता है।

शाबान का महीना पूरा होने के बाद चांद देखने पर इस मुकद्दस महीने की शुरुआत होगी। उर्दू कैलेंडर में महीने 29 या 30 दिन के होते हैं। रविवार को शाबान महीने की 28 तारीख था। सोमवार को इस महीने का 29वां दिन है। लोग सोमवार की शाम चांद देखने की कोशिश करेंगे। चांद दिखने पर पहला रोजा मंगलवार से होगा। उलेमाओं के मुताबिक पूरे दिन भूखे-प्यासे रहकर रोजा रखा जाता है। रोजा की हालत में इबादत करने से आम दिनों के मुकाबले ज्यादा सवाब हासिल होता है। इस पाक महीने के इस्तकबाल के लिए सभी घरों में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मस्जिदों में भी खास तैयारियां की जा रही हैं।

### खजला-फैनी की दुकानें भी सजी

रोजे की तैयारियों के साथ ही खजला-फैनी की दुकानें भी सज गई हैं। लेकिन इस बार रमजान में पिछले वर्ष की अपेक्षा महंगाई ज्यादा दिख रही है। बावजूद इसके लोगों में उत्साह बना हुआ है। लोग चांद दिखने पर रोजे की तैयारी में अभी से जुट गए हैं।

## अल्मोड़ा फुटबॉल क्लब ने जीता फाइनल

**अल्मोड़ा।** खेल विभाग की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आर्मी खेल मैदान में ओपन आयु वर्ग की जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी अरुण बनग्याल ने बताया कि प्रतियोगिता में दो टीमों ने प्रतिभाग किया। अल्मोड़ा फुटबॉल क्लब और विक्टोरिया गोल्डन क्लब के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। अल्मोड़ा फुटबॉल क्लब ने विक्टोरिया गोल्डन क्लब को 5-1 के अंतर से हराया।

# कवियत्री सौम्या दुआ साहित्य रत्न सम्मान से हुई सम्मानित

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



देश विदेश के सम्मानित साहित्यकारों के बीच बीपीए एवं इंडिया नेटबुक्स द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हल्द्वानी की सौम्या दुआ को साहित्य रत्न सम्मान से देश विदेश में प्रख्यात कहानीकार आदरणीया चित्रा मुद्गल आदरणीया संतोष खन्ना प्रख्यात विशिष्ट व्यंग्यकार आदरणीय प्रेम जनमेजय, प्रख्यात व्यंग्यकार आदरणीय लालित्य ललित, प्रख्यात विशिष्ट लेखक इंडिया नेटबुक्स के प्रबंधक आदरणीय डॉ. संजीव कुमार जी, कहानीकार नाटककार आदरणीय हरि सुमन व अन्य सम्मानित साहित्यकारों द्वारा सम्मानित किया गया। जब सागर बूंद को नाम से पुकारे तो बूंद धन्य हो जाती है ऐसा ही हुआ देश विदेशों में प्रख्यात विशिष्ट आदरणीया सूर्यबाला जी ने जब सामने जाने पर हमें नाम से पुकारा सौम्या दुआ तब खुशी के मारे हम एकदम उनके गले लग गए कि हमारा सौभाग्य है कि सागर बूंद को पहचानता है जानता है। जीवन में इससे बड़ा खुशी का पल पता नहीं कब आएगा।

# नगारीगांव/ तिरछाखेत के ग्रामीणों की मांग पूरी होने से मिली राहत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



जिले के भीमताल ब्लाक के ग्राम पंचायत नगारीगांव/ तिरछाखेत के ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग रविवार को पूरी होने से ग्रामीणों को राहत मिली है। ब्लॉक प्रमुख डा.हरीश सिंह बिष्ट ने गांव के प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया।

बता दें कि ग्रामीण लंबे समय से ग्राम प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्रामीण इस गेट लगाने की मांग कर रहे थे, अब ग्राम पंचायत को अपनी पहचान मिली। अनेकों लोग यहां आने जानें में भटकते थे, गेट के निर्माण से गांव की पहचान में आसानी रहेगी। नगारीगांव पर्यटन के क्षेत्र से जुड़ा गांव है साथ ही यहां से भवाली सेनेटोरियम बाईपास निर्माणाधीन है। गेट के उद्घाटन के बाद ब्लॉक प्रमुख डा.बिष्ट ने गांव की आम खुली बैठक में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को फ ोन कर प्राथमिकता से निराकारण करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने बताया जल जीवन मिशन के कार्य में गांव की सडक़ खोदी गई मार्ग में मलुवा होने प्रमुख ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को मार्ग ठीक करने के निर्देश दिए। बैठक में कई पैंशन, मनरेगा तथा वित्त आदि के प्रस्ताव पारित हुए। प्रमुख ने नागरीगांव में चल रहे ओपन थियेटर तथा शौचालय मार्ग अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम के जनप्रतिनिधि, ग्रामीण व अधिकारी आदि मौजूद रहे।